C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:28 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:42 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 130 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 12 नवंबर 2024

खुशी कपूर ने पहना बॉयफ्रेंड के...पेज-3 पर

## इगास बग्वाल: प्रधानमंत्री मोदी ने धूमधाम से मनाया इगास पर्व

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के लोकपर्व इगास बग्वाल मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद अनिल बलूनी के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे। पीएम मोदी ने इगास-बग्वाल कार्यक्रम की कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। राज्यसभा सदस्य और भाजपा के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल बलूनी के 20, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड स्थित आवास पर सोमवार को इगास (बूढ़ी दिवाली) पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने योगगुरु बाबा रामदेव और परमार्थ निकेतन के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती के साथ गौ



पूजा के साथ पवित्र अग्नि प्रज्वलित की। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत कई दिग्गज हस्तियां मौजूद थी। पीएम मोदी ने इगास-बग्वाल कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें भी एक्स पर पोस्ट की हैं। प्रधानमंत्री ने प्राचीन संस्कृति और पर्व को संरक्षित करने की बलूनी की मुहिम और प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बलूनी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री की प्रेरणा से करीब-करीब भुला दिए गए इस पर्व को पुनर्जीवित करने की पहल की। करीब पांच सालों के प्रयासों के बाद अब यह पर्व न सिर्फ उत्तराखंड बल्कि देश और दुनिया में मनाया जा रहा है। बलूनी ने इगास के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के राज्य सरकार के फैसले का भी स्वागत किया। बलूनी ने बताया कि इस पर्व के संदर्भ में कई मान्यताएं प्रचलित हैं। सबसे अहम मान्यता यह है कि लंका विजय के बाद जब भगवान राम अयोध्या पहुंचे तो लोगों ने घी के दीये जला कर उनका स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना गढ़वाल क्षेत्र में कार्तिक शुक्ल एकादशी को मिली थी। इस सूचना से प्रसन्न क्षेत्र के लोगों ने इसी दिन दीपावली मनाई थी, जिसे इगास या बूढ़ी दिवाली का नाम दिया गया। पीएम मोदी ने इगास-बग्वाल कार्यक्रम की कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बहुत-बहुत बधाई! दिल्ली में आज मुझे भी उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी के यहां इस त्योहार में शामिल होने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए।

### News कॉर्नर

#### नौगांव पहुंचे सीएम धामी, तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समारोह में हुए शामिल

**उत्तरकाशी।** डामटा में 22 वें राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सीएम धामी भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सोमवार सुबह नौगांव डामटा पहुंचे। तीन दिवसीय 22 वें राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह में सीएम शामिल होने पहुंचे। समारोह में भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ।



दून में सड़क ट्रक और कार की टक्कर व मोहनपुर कस्बे में मिट्टी खुदाई के दौरान हादसा

## हादसों में गई दस की जान, 47 हुए घायल



देहरादून

हमारे संवाददाता

दून में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में छह युवक-युवतियों की मौत हो गई है, जबकि एक घायल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ट्रक और इनोवा कार की टक्कर में छह युवकों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को क्षतिग्रस्त गाड़ी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी छात्र थे। जानकारी के अनुसार, देर रात ओएनजीसी चौक पर ट्रक और इनोवा कार की टक्कर हो गई। हादसे में छह युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार से पांच छात्रों के शव दून अस्पताल और एक का शव महंत इंद्रेश अस्पताल भेजा। छात्र देहरादून और हिमाचल के थे। दून हॉस्पिटल में कुल पांच शव पहुंचे। इनमें से दो युवतियां और तीन युवक थे। तीन मृतकों के शवों को दून अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जबकि बाकी को जगह नहीं होने पर इंद्रेश अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलने पर एसपी सिटी भी अस्पताल पहुंचे।

### कासगंज में मिट्टी की खुदाई के दौरान दबे 20 लोग, जेसीबी मंगाई

यूपी/कासगंज

एजेंसी

कासगंज के मोहनपुर कस्बे में मिट्टी खुदाई करने के दौरान ढाय में 20 महिलाओं और बच्चे दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। चार महिलाओं की अब तक मौत की सूचना है। अन्य को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में सुबह-सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कस्बा मोहनपुरा में मिट्टी की ढाय में दबकर चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक महिलाओं और बच्चे मिट्टी के अंदर दब गए। तत्काल ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सुरंग इतनी गहरी थी कि नीचे दबे महिलाओं और बच्चों को निकालने के लिए जेसीबी बुलानी पड़ गई। अंदर से निकाले गए महिलाओं और बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसा कस्बा मोहनपुरा में गांव रामपुर और कातौर गांव के बीच मंगलवार सुबह करीब सात बजे हुआ। बताया गया है कि गांव रामपुर की महिलाएं और बच्चे मिट्टी लेने के लिए यहां आए थे। उसी समय मिट्टी का ढाय अचानक गिर गई। मिट्टी के नीचे करीब 20 महिलाएं और बच्चे दब गए।



### बस की टक्कर से पलटी पिकअप, मची चीखपुकार

**यूएसनगर।** हल्द्वानी रोड पर मटकोटा मोड़ में इंटर सिटी निजी बस ने श्रमिकों से लदी पिकअप पर टक्कर मार दी। हादसे में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप सवार श्रमिकों में चीख पुकार मच गई।

हादसे में 26 लोग घायल हो गए, जिसमें पांच गंभीर है। हल्द्वानी रोड पर मटकोटा मोड़ में इंटर सिटी निजी बस ने श्रमिकों से लदी पिकअप पर टक्कर मार दी। हादसे में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप सवार श्रमिकों में चीख पुकार मच गई। आनन फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद पांच महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### गन्ने से लदी ट्रॉली में टकराई कार, कार के उड़े परखच्चे

**यूएसनगर।** रामपुर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। ये लोग रुद्रपुर से रामपुर के बिलारी में शादी समारोह में जा रहे थे। रामपुर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए।

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी ट्रस्ट के सीए ने दर्ज कराया मुकदमा

अयोध्या

एजेंसी

राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में ट्रस्ट के सीए ने मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट ने विवेचना कर रहे दरोगा को तलब किया है।

यूपी के अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आरडीएक्स से उड़ाने व बाबरी मस्जिद को तामीर करने की धमकी मिली है। मामले में विवेचना कर रहे दरोगा रजनीश कुमार पांडेय को कोर्ट ने तलब किया है। अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय अशोक कुमार दुबे ने जेल में निरुद्ध अभियुक्त मोहम्मद अमन की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान सोमवार को यह आदेश दिया है। न्यायालय ने घटना की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक रजनीश कुमार पांडेय को मूल केस डायरी व उसके सभी प्रपत्रों के साथ कोर्ट में 11 नवंबर को उपस्थित होने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के हेल्प डेस्क नंबर के व्हाट्सएप पर 22 अगस्त, 2024 को छह बजे संदेश आया। उर्दू भाषा में लिखे संदेश में राम जन्मभूमि मंदिर को चार हजार किलो आरडीएक्स से नष्ट करने की धमकी दी गई। ट्रस्ट के सीए चंदन कुमार राय के प्रार्थना पत्र पर थाना राम जन्मभूमि में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुकदमा की विवेचना के दौरान बिहार

## किच्छा चीनी मिल में 20 तक पेराई सत्र शुरू न हुआ तो देंगे धरना

हल्द्वानी /किच्छा

हमारे संवाददाता

पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने किच्छा चीनी मिल पहुंचकर किसानों के साथ अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया से मुलाकात की।

जिसमें भाजपा सरकार एवं गन्ना मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि किच्छा चीनी मिल में अभी तक पेराई शुरू नहीं हो पाई है। सरकार की लापरवाही से गन्ना किसान बेहद आहत और परेशान हैं, किसानों का गन्ना खेतों में सूखने लगा है, गन्ना पूर्व की बारिश और हवा से बरबाद की कगार पर है, साथ चूहे भी गन्ने की फसल को भारी नुक्सान पहुंचा रहे हैं। सरकार द्वारा गन्ना मूल्य भी अभी तक निर्धारित नहीं किया है। पेराई सत्र



समय पर शुरू नहीं होने से गेहूं बुबाई समय पर नहीं हो सकेगी। जिससे किसान औने पौने दामों पर गन्ना बेचने पर मजबूर होते हैं। किच्छा चीनी मिल में 20 नवम्बर तक हर हाल में पेराई सत्र शुरू कर दिया जाये, अन्यथा 21 नवम्बर को प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक ओर उत्तराखंड अपनी स्थापना की रजत जयंती बना रहा है, वहीं किसानों के हालात और बदहाली पर उत्तराखंड किस प्रकार अव्वल प्रदेश बनेगा यह चिंता का विषय है। गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 500 रु० कुंतल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऊधम सिंह नगर जिले की सोसाइटियों में डीएपी, एनपीके खाद की भारी कमी बनी हुई है। इस दौरान डॉ गणेश उपाध्याय के साथ , किसान कांग्रेस महामंत्री महिपाल सिंह बोरा, देवेंद्र विर्क, प्रभु जोशी, विनोद जोशी ,खड़कचंद, शैलेश जोशी ,अशोक कुमार, एन यू खान, ताहिर मलिक, सईदुल रहमान, विनोद, दिलीप सिंह बिष्ट पुरन रावत सहित तमाम किसान और समाजसेवी उपस्थित थे। वहीं चीनी मिल अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि चीनी मिल पेराई सत्र 2024-25 शुरू करने के करीब है, 20 नवम्बर के समीप पेराई सत्र प्रारम्भ कर दिया जायेगा। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

# अघौड़ा-डूगरी मोटर मार्ग का होगा सुधारीकरण


नैनीताल

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने सोमवार को विकासखण्ड ओखलाकाण्डा के ग्राम सभा अघौड़ा डूगरी में प्रधानमंत्री संडक योजना के हैड़ाखान अघौडा अमजड़ मिडार अपग्रेडेशन सोलिंग डामरीकरण एवं सुधारीकरण मोटर मार्ग कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी लागत 1925 .07 लाख संडक लम्बाई 24.6 किमी पीएमजेएसवाई द्वारा निर्माण कार्य किया जाएगा। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने बताया कि लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि। उन्होंने कहा संडक के निर्माण कार्य में गुणवता पर विशेष ध्यान दिया जाने के विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए गए थे। साथ ही संसद निधि से विद्यालय राजकीय इण्टर कालेज औघाडा में 5 लाख देने की घोषणा की है फर्नीचर एवं खेल मैदान की चारदीवारी के लिये एवं क्षेत्री ग्रमीण जनता ने विद्यालय में विज्ञान वर्ग खुलने की मांग भी रखी।

इस दौरानविधायक रामसिंह कौड़ा,ग्रामप्रधान रमेश महरा, प्रधान जीवन काण्डापाल ,मंडल अध्यक्ष नरेश नायल, कुन्दन चिलावाल,निर्मल मटियाली,जेष्ट प्रमुख प्रदीप मटियाली, केशव भट्ट,पूर्व जिलापंचायत सदस्य कृष्ण नन्द काण्डापाल,भगवान राम,हीरा सिंह महरा,ईशव सिंह महरा, दिगम्बर सिंह,विकासखण्ड अधिकारी प्रदीप पन्त, सहायक अभियंता संजय तिवारी अमित बोरा,थानध्यक्ष रोहताश सागर , पूर्व सैनिक दीपू मेहरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# लकड़ी टॉल में बनेंगी 120 नई दुकानें

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित लकड़ी टॉल में अब 120 नई दुकानें बनाई जाएंगी। नगरपालिका ने इस परियोजना के लिए एक विस्तृत डिजाइन तैयार कर लिया है, जिसके तहत दो मंजिला भवन का निर्माण होगा, इसमें 60 दुकानें निचली मंजिल पर और 60 दुकानें ऊपरी मंजिल पर होंगी, जिसके बाद पंत पार्क से वेंडर जोन यहां पर स्थानांतरित हो जाएगा। बता दें कि वर्तमान समय में 121 फड़ कारोबारी पंत पार्क में फ ड़ लगाते हैं लकड़ी टॉल में दुकानों के निर्माण के बाद सभी कारोबारियों को लकड़ी टॉल में ही शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस योजना से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा साथ ही स्थानीय व्यापारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नगर पालिका के अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना को लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, तथा डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। इस भवन के निर्माण से लकड़ी टॉल क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को नया जीवन मिलेगा और व्यापारियों को आधुनिक दुकानों का लाभ मिलेगा। मामले में नगर पालिका परिषद के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि लकड़ी टॉल में 120 दुकानों के निर्माण को लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हमने डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया है और एक सप्ताह के भीतर डीपीआर तैयार कर ली जाएगी।

# धारी में हुआ खेल महाकुंभ का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

धारी में खेल महाकुंभ का सोमवार को डूंगर सिंह बिष्ट अगर इंटर कॉलेज ठंडी पोखर के क्रीड़ा मैदान में शुभारम्भ हो गया है। वहीं आज अंडर 14 बालक और बालिकाओं के विभिन्न खेल पूर्ण हुए। कार्यक्रम में खेल का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट व खंड विकास अधिकारी उमाकांत पंत व प्रधानाचार्य पीसी उपाध्याय जीएचसी जाड़ापानी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खेल महाकुम्भ में ऊंची कूद में प्रथम स्थान दिव्या नयाल, द्वितीय ज्योति मेहता,तृतीय स्थान पर श्वेता बिष्ट रही। वही गोला फेंक में प्रथम स्थान अक्षिता आर्य, द्वितीय भूमिका जोशी, तृतीय स्थान पर मनीषा बरगली रही। लंबी कूद में प्रथम स्थान अंशु बिष्ट,द्वितीय स्थान ज्योति मेहता,तृतीय स्थान मनीषा बरगली रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पांडे व डॉ.दिनेश गिरी द्वारा किया गया। इस दौरान हरिश चंद्र तिवारी,नीम शाह, शोभा मनराल,मनोज भंडारी, इंदर सिंह नयाल, गंगा सिंह कोरंगा, गीता बिष्ट, बिपिन चंद्र आर्य, शिखर दनाई, राखी रावत मेहता,दीपिका पांडे, प्रियंका यादव,मंजू कांडपाल, राजेंद्र सिंह परवल,प्रदीप, चंदन लाल,चमन कुमार,राजेंद्र सिंह, आशा बिष्ट, केसी पौड़ीयाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### पर्यटक को बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना महंगा पड़ा

**नैनीताल।** प्रयागराज से नैनीताल घूमने आए पर्यटक को बिना अनुमति देर रात नैनीताल में ड्रोन उड़ाना काफी महंगा पड़ गया। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ कार्रवाई कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात को प्रयागराज से विकास नामक पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचा था। रात को वह तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में रुका था। होटल में रुकने के बाद पर्यटक ने देर रात अपना ड्रोन उड़ा दिया। रात को घरों के ऊपर ड्रोन उड़ता देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पुलिस भी ड्रोन चलाने वाले को खोजने लगी लेकिन देर रात तक ड्रोन कौन उड़ा रहा है इसका पता नहीं चल पाया लेकिन सोमवार की सुबह पुलिस ने ड्रोन उड़ाने वाले का पता लगा लिया। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि प्रयागराज निवासी विकास के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है।

### परिजनों से नाराज दस वर्षीय किशोर लापता

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में परिजनों की डांठ से नाराज एक किशोर गायब हो गया। पूरे शहर में खोजने के बाद आखिरकार किशोर घर की छत में मिला।जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाना क्षेत्र में सुबह एक दस वर्षीय किशोर को किसी बात पर परिजनों ने डांठ दिया। डांठ पडने से नाराज किशोर सुबह घर से स्कूल को निकल गया लेकिन वह स्कूल भी नहीं पहुंचा। किशोर के स्कूल न पहुंचने की सूचना पर परिजन उसको खोजने लगे लेकिन वह कहीं नहीं मिला। जिसके बाद परिजन शिकायत लेकर तल्लीताल थाने पहुंच गए। सूचना के बाद पुलिस ने भी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन किशोर का पता नहीं लगा जिससे परिजन और अधिक परेशान हो गए। बाद में तल्लीताल थाने में तैनात चीता कांस्टेबल अमित गहलोत को खोजबीन के दौरान किशोर को अपने ही घर की छत पर छिपा मिल गया। थाने के एसआई अविनाश मौर्य ने बताया कि किशोर को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बोतल में तेल न देने पर पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट

**नैनीताल।** तल्लीताल क्षेत्र के पेट्रोल पंप में बोतल में तेल न देने पर युवकों की ओर से कर्मचारी संग मारपीट का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप स्वामी की ओर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात मल्लीताल के कुछ युवक कार से तल्लीताल पेट्रोल पंप पहुंचे। इस दौरान युवक ने पेट्रोल पंप में मौजूद कर्मचारी से बोतल में पेट्रोल देने की बात कही लेकिन कर्मचारी ने बोतल में पेट्रोल देने के लिए मना कर दिया। इस पर युवकों की कर्मचारी से बहस हो गई। बहस के दौरान युवक अभद्रता पर उतर आए। कर्मचारी की ओर से विरोध जताने पर युवकों ने कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद पेट्रोल पंप पर हंगामा हो गया। हंगामे की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया लेकिन देर रात तक थाने में हंगामा होता रहा। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में पेट्रोल पंप स्वामी की ओर से शिकायत की गई है। शिकायत के आधार पर मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### फुटबाल व हॉकी टीमों के चयन के हुआ ट्रायल

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक में होने वाले खेल महाकुंभ-2024 के लिए नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में ब्लाक भीमताल की फुटबाल व हॉकी टीमों के चयन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल किया गया। ब्लाक खेल समन्वयक अजय कुमार के मुताबिक फुटबाल व हॉकी टीमों के चयन के लिए 120 खिलाड़ियों ने ट्रायल में प्रतिभाग किया। बताया कि ट्रायल 14 तथा 17 तथा 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए किया गया। चयनकर्ताओं में उनके साथ गोविन्द सिंह बोरा, पुष्पा दर्मवाल आदि मौजूद रहे।

### 130वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 130वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सोमवार को हिंगला देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, वेद प्रकाश, पदम सिंह, गोपाल बिष्ट, विजय बोरा, महेश कुमार, सौरभ खोलिया, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह, दीपक तथा राजेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुचारू करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुचारू करवाने के लिए सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका परिषद के ईओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपाईयों ने कहा कि शहर में पालिका परिषद के 15 वार्ड हैं जिसमें लगभग 2800 के आस-पास विद्युत पोलों में स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं जिसमें अधिकतर लाइटें लंबे समय से नहीं जल रही हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन को जब भी सूचित किया जाता है तब वहां से एक ही जवाब मिलता है कि पुरानी लाईटें खराब पड़ी हैं और नई लाइटों का बजट नहीं है। भाजपाईयों ने कहा कि जाडों का समय होने के कारण कुछ वार्डो में जंगली जानवरों का भय भी बना रहता है साथ ही ट्यूशन पढने वाले छात्र छात्राओं को घर आने में अंधेरा हो जाता है जिससे अभिवावकों में डर रहता है। इसलिए शहर के विभिन्न वार्डों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटों को सुचारू रूप से संचालित किया जाये। इस दौरान अरविंद सिंह पडियार, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, चंदन सिंह चमियाल, तारा बोरा, तारा राणा, मीरा बिष्ट, हेमा पांडे, प्रकाश नौटियाल आदि लोग मौजूद थे। मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने के लिए ठेकेदारों से बातचीत की जा चुकी है जल्द ही शहर की सभी स्ट्रीट लाइटें सुचारु कर दी जाएगी।

# विधिक जागरूकता शिविर का विशेष आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा सोमवार को राजेंद्र प्रसाद लॉ इंस्टीट्यूट कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य पर विधिक जागरूकता शिविर का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की सचिव बीनू गुलयानी द्वारा जागरूकता शिविर में विधिक सेवा दिवस पर बताया गया कि सभी नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस



की शुरुआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिये की गई थी। जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम निश्शुल्क विधिक सहायता समेत लीगल एड क्लिनिक, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोकअदालत व राष्ट्रीय लोक अदालत नालसा, हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा हेल्पलाइन पोर्टल आदि विषयों पर बताया गया। विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में राजेंद्र प्रसाद लॉ इंस्टीट्यूट द्वारा पेंटिंग व पोस्टर तथा निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्चना शर्मा जबकि द्वितीय स्थान प्रतिभा तथा तृतीय स्थान कुणाल बेदी तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चेष्टा शाह तथा द्वितीय स्थान यामिनी कांडपाल द्वारा प्राप्त किया गया जिनको सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रशस्ति पत्र दिये गए।

# अभिमत

## अतिक्रमण को बढ़ावा

***उत्तराखंड सरकार वर्ष 2018 और 2021 में अध्यादेश लाकर अतिक्रमणकारियों का बचाव कर चुकी है, अब तीसरी बार वही कार्य कर रही है। उधर हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में अवैध रूप से बसी बस्तियों को अतिक्रमण मानते हुए हटाने के निर्देश दिये थे। एक सर्वे में अतिक्रमण करके बसी बस्तियों की संख्या 582 थी। राज्य सरकार ने अवैध बस्तियों का नियमितीकरण नहीं किया और बार-बार सर्वे कराने के नाम पर हाईकोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया गया।***

उत्तराखंड में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई टाल दी गई है। राज्य में बस्तियों की सही स्थिति और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी जुटाने के लिए सरकार सर्वे करायेगी। इससे पहले वर्ष 2011 में बस्तियों का सर्वे हुआ था। अब पुनः सर्वे कराया जायेगा और बस्तियों का नियमितीकरण करने की बात कही जा रही है। कांग्रेस सरकार ने बस्तियों के नियमितीकरण के लिए कमेटी का गठन किया था, परन्तु विधानसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल हो गई। उत्तराखंड सरकार वर्ष 2018 और 2021 में अध्यादेश लाकर अतिक्रमणकारियों का बचाव कर चुकी है, अब तीसरी बार वही कार्य कर रही है। उधर हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में अवैध रूप से बसी बस्तियों को अतिक्रमण मानते हुए हटाने के निर्देश दिये थे। एक सर्वे में अतिक्रमण करके बसी बस्तियों की संख्या 582 थी। राज्य सरकार ने अवैध बस्तियों का नियमितीकरण नहीं किया और बार-बार सर्वे कराने के नाम पर हाईकोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया गया। अतिक्रमण हटाने से हल्द्वानी में दंगा हो गया था। कर्फ्यू लागू करना पड़ा था। मामला सुप्रीमकोर्ट तक पहुंच गया और अतिक्रमण हटाया नहीं जा सका। हल्द्वानी में दंगे के दौरान एसडीएम और कई दर्जन महिला पुलिस कर्मियों सहित नगर निगम कर्मचारी व सुरक्षा कर्मी घायल हुए थे। करीब साढ़े चार हजार परिवार अतिक्रमण की जद में हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने पर इसलिए रोक लगा दी, क्योंकि कोई भी सरकारी विभाग अपनी जमीन की पैमाइश नहीं दे सका। रेलवे, नगर निगम और वन विभाग की जमीन पर हजारों लोग बसे हुए हैं। अतिक्रमणकारियों को बिजली, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा आदि सुविधाएं वोट बैंक की राजनीति के तहत मिल रही हैं। अतिक्रमणकारी होने पर भी राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र उपलब्ध कराये गये। यदि सरकारी सुविधाओं से अतिक्रमणकारियों को वंचित किया जाये, तो अवैध बस्तियों की समस्या का स्वतः समाधान हो जाये। सरकार और न्यायपालिका के बीच मामला उलझने से अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है। उत्तराखंड पर्वतीय राज्य होने से वन क्षेत्र सबसे अधिक है। वन विभाग और नदियों के आसपास की भूमि पर सैकड़ों बस्तियां बसी हुई हैं। लाखों लोग अतिक्रमण की जमीन पर बसे हैं। उत्तराखंड के साथ ही देशभर में अतिक्रमण का सर्वे होने पर लाखों अवैध बस्तियां चिह्नित होंगी और करोड़ों लोग बसे मिलेंगे। करोड़ों लोगों को बेघर करना आसान नहीं है, इसी लिए सरकार सर्वे के बहाने से अपनी सुरक्षा करती है और अतिक्रमणकारी स्वतः सुरक्षित हो जाते हैं।

# डीएम वंदना ने भवाली में नगर पालिका को दिए निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिलाधिकारी वंदना सिंह ने भवाली हो रहे विकास कार्यों के जल्द मूर्त रूप लेने की बात कही, कहा कि भवाली नगर में विभिन्न विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा जिसके तहत मुख्य बाजार व ऊपरी बाजार में देहरादून की तर्ज पर एक जैसे साइन बोर्ड बनाने के साथ ही बाजार के घरों को पहाड़ी रंगों की शैली में रंगने के लिए जिलाधिकारी ने नगरपालिका को निर्देशित किया।

बता दें जिलाधिकारी वंदना सिंह ने भवाली में भ्रमण के दौरान यह सब बाते कहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की घोषणा के अंतर्गत 546 लाख रुपएं से बन रहे कैंची बायपास के साथ 12 करोड़ से बन रही मल्टी स्टोरी पार्किंग मॉल भी जल्द मूर्त रूप लेगा। जिलाधिकारी वंदना के भवाली नगर भ्रमण के दौरान नगरवासियों की ओर से उन्हें नगर की विभिन्न छोटी छोटी समस्याओं से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर मौके पर कई समस्याओं का त्वरित समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। वही आईआईटी में चयनित मध्यमवर्गीय परिवार की बालिका कशिश की माता नीरू देवी व परिवार का हौसला बढ़ाने के साथ उन्हें शुभकामनाये दी।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपिल सहित कारोबारियों व स्थानीय जनता ने जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की तथा स्थानीय जनता ने पुष्प गुच्छ व व अंग वस्त्र देकर जिलाधिकारी का अभिवादन किया। इस दौरान प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, पंकज अद्वैती, अखिलेश सेमवाल, जुगल मठपाल, दयाल आर्या, संजय वर्मा, नंदकिशोर पांडेय, विजय कुमार, लेवेंद्र क्वीरा, महेश जोशी, रमेश जोशी, मुकेश कुमार, संजू जोशी, पवन रावत, भावेश तिवारी, कबीर साह, नीरज रावत तथा कमल गोस्वामी सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मकान की देखरेख को रखी महिला की गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपने मकान की देखरेख करने वाली महिला की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर सौंपते हुए।

बागेश्वर निवासी कविता जोशी पत्नी मोहन चंद्र जोशी ने कहा है कि विवेक विहार कुसुमखेड़ा गैस गोदाम रोड पर उसके भवन का निर्माण 2 वर्षों से चल रहा है उसकी देखरेख के लिए उसने नीमा बोरा नामक महिला को रखा था। दो वर्षों से नीमा बोरा उसके मकान की देखरेख कर रही थी।

10 सितंबर को कविता ने नीमा को फोन करके बागेश्वर बुलाया था। नीमा ने फोन कर कविता से कहा कि वह 10:30 बजे बस में सवार होकर बागेश्वर के लिए निकल गई है लेकिन जब से आज तक नीमा बागेश्वर नहीं पहुंची जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन नीमा का कहीं भी पता नहीं चल पाया कविता को उसकी अनिष्ट की चिंता सता रही है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर नीमा की तलाश शुरू कर दी है।

# खेलों द्वारा सामाजिक चेतना का विकास: तोलिया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ 2024 का आगाज अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रभारी उपनिदेशक खेल राशिका सिद्वीकी एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी भी मौजूद थे।

प्रथम दिवस में बास्केटबाल, बाक्सिंग एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।अपने सम्बोधन में तोलिया ने खिलाडियों एवं खेल प्रमियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि खेल से न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि रोजगार के साथ ही यश तथा सम्मान भी प्राप्त होता है। खेल द्वारा राजनैतिक लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। कई देशों में यह देखने में आया है कि खेलों का अप्रत्यक्ष रूप से संबंध देश के विकास से भी होता है। वर्तमान समय में लोगों के खेलों के प्रति नजरिये में काफी बदलाव आया है। खेल हमें विभिन्न प्रकार से शिक्षित भी करते हैं। इससे मानवीय मूल्यों का विकास होता है साथ ही खेलों द्वारा सामूहिक चेतना का भी विकास होता है क्योंकि खेल की मूल भावना यही होती है कि अकेले नहीं बल्कि समूह में खेलना, खेल द्वारा नेतृत्व करने की कला का भी विकास होता है। खेल से रचनात्मकता को भी बढ़ावा मिलता है। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने बताया कि 11 नवम्बर से 22 नवम्बर 2024 तक खेल महाकुम्भ आयोजित होगे। उन्हांने कहा बच्चों को इलेक्ट्रानिक कलचर से निकालकर खेल मैदान में प्रतियोगिता कर बच्चो को मानसिक एवं भौतिक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा आज के परिप्रेक्ष में बच्चे चौबीसों घंटे मोबाइल मे गेम खेलते है जिससे बच्चे मानसिक तनाव के साथ ही फिजिकल कमजोर होते है। इसलिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को मानसिक एवं फिजिकल मजबूत करना है। उन्होंने कहा प्रतियोगिता में न्याय स्तर एवं ब्लाक स्तर पर चुने गये प्रतियोगी जिला स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा जिला स्तर पर चुने गये प्रतिभागी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि कराटे प्रतियोगिता में अण्डर-14 बालिका वर्ग में (50 किग्रा0) में हर्षिता पाण्डे प्रथम, गरिमा बिष्ट, द्वितीय व भव्या गडिया तथा महिमा चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# फिल्मी दुनिया

## खुशी कपूर ने पहना बॉयफ्रेंड के नाम का ब्रेसलेट





*खुशी कपूर हालांकि, वे अपने रिश्ते के बारे में चुप रहे हैं और इसे स्वीकार नहीं किया है। लेकिन हालिया तस्वीरों को देखकर ऐसा लगता है कि दोनों अब इसे आधिकारिक बनाने के लिए तैयार हैं। खुशी ने कुछ दिनों पहले कुछ शानदार छुट्टियों की तस्वीरें डाली थीं।*

*खुशी कपूर और वेदांग रैना के बारे में कुछ समय से डेटिंग की अफवाह है, जब से उन्होंने द आर्चीज में एक साथ अपनी शुरुआत की थी। हाल ही में, खुशी के जन्मदिन पर, वेदांग को उनके अन्य दोस्तों के साथ उनकी आधी रात की पजामा पार्टी में भी देखा गया था और उन सभी ने खुशी के शुरुआती केके वाले पायजामे पहने थे। बता दें कि पिछले दिनों खुशी कपूर और वेदांग रैना ने पिछले महीने मालदीव में छुट्टियां मनाने की तस्वीरें शेयर की थीं। तस्वीरों को देखकर साफ पता चल रहा था कि उन्होंने साथ में खूब मौज-मस्ती की। श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी ने जो कई तस्वीरें ऑनलाइन शेयर की हैं, उनमें से एक तस्वीर में वो लाल रंग की बिकिनी में नजर आ रही हैं। इस फोटो में खुशी की बिकिनी से ज्यादा उनके ब्रेसलेट ने सभी की अटेंशन अपन तरफ खींची। कमेंट सेक्शन में लोगों ने खुशी और वेदांग के रिश्ते को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, क्या हम इस रिश्ते को कंफर्म समझे। दूसरे यूजर ने लिखा, खुशी कूपर और वेदांग रैना का रिश्ता पूरी तरह से कंफर्म हो गया है। एक और यूजर ने लिखा, दोनों की जोड़ी सच में बेहद प्यारी है।*

### खुशी ने कंफर्म किया रिश्ता?

*हालांकि, वे अपने रिश्ते के बारे में चुप रहे हैं और इसे स्वीकार नहीं किया है। लेकिन हालिया तस्वीरों को देखकर ऐसा लगता है कि दोनों अब इसे आधिकारिक बनाने के लिए तैयार हैं। खुशी ने कुछ दिनों पहले कुछ शानदार छुट्टियों की तस्वीरें डाली थीं, और ईगल-आईज नेटिजंस ने तुरंत जूम इन किया और देखा कि वह अपने ब्रेसलेट पर वेदांग का नाम दिखा रही थी।*

# कार्रवाई: नौ वाहन सीज और 98 का किया चालान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

परिवहन विभाग ने सोमवार को तीन टीमें बनाकर कालाढूंगी, कोटाबाग, भीमताल, लालकुआं, रामनगर मार्ग पर यातायात नियम रौंदकर दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान 57 वाहनों पर चालानी कार्रवाई और छह वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान पानी की टंकी लेकर जा रहे ई-रिक्शा पर भी कार्रवाई की गई।

मरचूला हादसे के बाद से परिवहन विभाग हरकत में आ गया है। परिवहन कर अधिकारी अशोक डिमरी ने हल्द्वानी, कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव, रामनगर मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जगदीश चंद्र ने रामनगर, मोहन, मरचूला और एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र ने हल्द्वानी, भीमताल और लालकुआं मार्ग पर चेकिंग की।

इस दौरान नियमविरुद्ध संचालन, परमिट शर्तों का उल्लंघन, टैक्स, फिटनेस, हेलमेट, सीट बेल्ट, भार वाहन में सवारियों का परिवहन आदि अभियोग शामिल रहे। आरटीओ प्रवर्तन डॉ. गुरदेव सिंह ने कहा कि सभी वाहन नियमानुसार ही चलेंगे। प्रवर्तन की कार्रवाई नियमित रूप से चलेगी। उधर, नैनीताल पुलिस ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार से एक्शन में आई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 31 ओवरलोड वाहनों के चालान किए और तीन वाहनों को सीज कर दिया। डीजीपी अभिनव कुमार के आदेश पर नैनीताल पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों पर शिकंजा कस दिया है। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर नैनीताल पुलिस ने ओवरलोडिंग में आठ बसों और 23 कारों का चालान किया। इसके अलावा टैक्सी समेत तीन वाहनों को सीज कर दिया है। एसपी यातायात हरबंश सिंह ने बताया कि सभी थाना-चौकियों को निर्देशित किया गया है कि निजी और सार्वजनिक परिवहन वाहनों की गंभीरता से चेकिंग की जाए। लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### दर्शनीय स्थल टिफिन टॉप क्षेत्र में बढ़ाई सुविधा

**नैनीताल** । नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थल टिफिन टॉप क्षेत्र में लोगों के लिए सोमवार से और सुविधाएं बढ़ा दी गयी हैं। बोरा के मुताबिक सोमवार से टिफिन टॉप नेचर ट्रेल के लिए तीन मार्गो को पैदल यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे अब लोगों को काफी राहत मिल सकेंगी। बता दें कि जब से टिफिनटॉप क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था तब से लेकर अब तक लोगों के साथ ही पर्यटकों को भी भारी परेशानी का सामना झेलना पड़ा था पूर्व में वन विभाग ने विभिन्न शर्तों के आधार पर क्षेत्र में घुड़सवारी भी शुरु करवा दी थी।

### नैनीताल में दिनभर धूप-छांव का खेल अठखेलियां



नैनीताल। बीते दिवस से मौसम का मिजाज मिला जुला रहा। अधिकांश समय आसमान में बादल छाए रहे जबकि बीच-बीच में सूर्यदेव भी दर्शन देते रहे। बता दें कि नगर में सुबह के समय धूप खिली हुई थी, 11 बजे धीरे-धीरे आसमान में बादल छाने लगे। इसके बाद पूरे दिन धूप छांव का खेल चलता रहा। इस बीच कोहरे ने भी दस्तक दी। शाम के समय बादलों के छटने के बाद धूप निकलने से तापमान सामान्य बना रहा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार को नगर का अधिकांश तापमान 17 डिग्री सेक्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आद्रता अधिकतम 75 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

# ताइक्वांडो: स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिला ताइक्वाडों संघ के तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय सब जूनियर बालक- बालिका जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में चयनित 22 खिलाड़ी अब 14 तथा 15 नवम्बर को गौलापार (हल्द्वानी) में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में भूमिका/कृतिका/रोशनी/ संस्कृति पवार/ अनुष्का शाह/ गार्गी भट्ट/हिमांशी/आराध्या डांगी व रिद्धि जबकि बालक वर्ग में अभ्युदय पांडे /आर सिंह/ कुंज/गौरव/ मनन/ खुश/





हर्षित/ सिद्धार्थ/ सुभान अली/ मानस चंद्र/ दिव्यांश मेहरा/ आरव तथा नैतिक द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया। सभी स्वर्ण पदक प्राप्त चयनित खिलाड़ी 14 और 15 नवंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में नैनीताल, भीमताल, भवाली, हल्द्वानी तथा रामनगर के खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रतियोगिता के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि नगर की वरिष्ठ समाजसेवी डा. सरस्वती खेतवाल समेत हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार जोशी,प्रो.प्रियंका रूवाली,डॉ. हिमानी पंत तथा जिला उपाध्यक्ष हरीश नयाल ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया। इस मौकेपर प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक सुनील थापा, समीर कुमार,कृष्णा, रोहित, विनोद रहे। अंत में प्रतियोगिता की आयोजक सचिव ज्योति दुर्गापाल ने सभी का विशेष आभार जताया। इस मौके पर कोच सोनिया पांडे ,किरण आर्य तथा संजय टम्टा, विश्वकेतु वैद्य, भास्कर सुयाल, तरुण भट्ट व भरत सिजवाली व करिश्मा आदि मौजूद रहे।

# रात्रि गश्त के दौरान 27 इंजेक्शन समेत एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान नशे के इंजेक्शन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी अपने दलबल के साथ जवाहर नगर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

गश्त करते-करते वन विभाग के बैरियर से होते हुए गोला नदी में बनी झुग्गी झोपड़ियां के समीप पहुंचे जहां एक युवक पुलिस को आते दिखाई दिया वह युवक पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर भागते हुए युवक को पुलिस ने पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली जिसके पास से 27 इंजेक्शन बरामद हुए।

पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम शकील अहमद निवासी जवाहर नगर मुमानी के घर के पास बताया पुलिस ने जब तस्कर से जनता से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह यह इंजेक्शन इच्छा से एक चाचा नाम के व्यक्ति से सस्ते दामों में खरीद कर लाता है और वह अक्सर रोडवेज की बस से पैकेट बनाकर भी भेज देता है तस्कर ने बताया कि वह गोला नदी में काम करने वाले मजदूरों को इंजेक्शन महंगे दामों में बेचता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

**कार्रवाई**

- रोडवेज की बस से पैकेट बनाकर भी भेजता था तस्कर
- मजदूरों को इंजेक्शन महंगे दामों में बेचता

## 10 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक महिला शराब तस्कर को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है जिसे कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज बगुनी अपने पुलिस कर्मियों के साथ जवाहर नगर क्षेत्र में गश्त करते-करते गोला नदी की ओर चल दिए जहां एक महिला हाथ में जरकिन लेकर पुलिस को देखकर गली में घुस गई संडे होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया महिला ने बताया कि जरकिन में शराब है और वह यहां मजदूरों को बेचकर अपना पेट पालती है। महिला ने पुलिस को अपना नाम सीता देवी पत्नी बाबूराम वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

# आरवाईएलए रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स का सफलतापूर्वक आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब नैनीताल ने अपने पहले आरवाईएलए रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जिसमें नैनीताल, नौकुचियाताल और मथुरा के 43 युवा प्रतिभागियों को नेतृत्व और व्यक्तिगत विकास में एक परिवर्तनकारी अनुभव के लिए एकजुट किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नीरव अग्रवाल ने रोटेरियन अनित साह और टीम एल्टीट्यूड के समर्पण की प्रशंसा की और इस डिस्ट्रिक्ट इवेंट को सफल बनाने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता दी।

इस दौरान अध्यक्ष रोटेरियन मनोज लांबा, रोटेरियन अनित शाह, रोटेरियन अदनान, रोटेरियन शैलेंद्र शाह, रोटेरियन विक्रम स्याल, रोटेरियन सुमित खन्ना, रोटेरियन जितेंद्र शाह, रोटेरियन शिवांगी शाह समेत अन्य लोग रहे।



# कुमाऊं विवि के दुष्प्रचार मामले में पोर्टल के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने विगत दिनों कुमाऊं विश्वविद्यालय में कर्मचारियों के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए एक सोशल मीडिया न्यूज पोर्टल द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के खिलाफ भ्रामक खबरें प्रसारित करने का पुरजोर विरोध करते हुए उक्त पोर्टल के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग करते हुए जल्द ही सूचना महानिदेशक से मिलने की सूचना दी है। उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष भारत नैनवाल तथा दीपक सुंदरियाल, महामंत्री प्रशांत मेहता एवं प्रदेश प्रवक्ता चंद्रमोहन पैन्यूली ने बताया कि विगत कुछ समय से एक सोशल मीडिया पोर्टल द्वारा लगातार कुमाऊं विश्वविद्यालय के विरुद्ध दुष्प्रचार किया जा रहा है एवं भ्रामक ख़बरें जारी की जा रहीं हैं। इस पोर्टल द्वारा कुछ समय पूर्व उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष के विरुद्ध भी अपुष्ट और गलत दुष्प्रचार करते हुए समाचार जारी किया गया है जिससे विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में भारी रोष होकर वे आंदोलित हो गए। मेहता ने बताया कि अपुष्ट खबरों के प्रकाशन से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के हतोत्साहित होने पर राज्य भर के कर्मचारियों में रोष है एवं उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठन के विरोध प्रदर्शन का पूर्ण समर्थन करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन से उक्त न्यूज पोर्टल के विरुद्ध तत्काल विधिक कार्रवाई प्रारंभ करने की मांग करता है। महासंघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र धामी, विपिन चंद्र तथा संयुक्त सचिव गणेश सिंह बिष्ट, संगठन मंत्री नवल किशोर बिनवाल तथा कोषाध्यक्ष देवेंद्र पोखरिया ने बताया कि जल्द ही संगठन का प्रतिनिधि मंडल राज्य सूचना महानिदेशक तथा पुलिस प्रशासन एवं अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेगा और ऐसी भ्रामक एवं तथ्यविहीन समाचार जारी करने वाले न्यूज पोर्टल पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग करेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे दुष्प्रचार का प्रबल विरोध करने हेतु संगठन की कार्यकारिणी की भी जल्द एक बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों के कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## स्कूल से घर लौट रहे बच्चों के सामने आया तेंदुआ

**रानीखेत।** रानीखेत तहसील के सालीखेत में शनिवार को छुट्टी के बाद घर लौट रहे स्कूल के बच्चों के सामने अचानक झाड़ियों से तेंदुआ आ धमका। इससे वहां पर चीखपुकार मच गई। ग्रामीण और शिक्षक दौड़े और शोर मचाया। इसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। रानीखेत तहसील के सालीखेत में पिछले कई दिनों से तेंदुए की दहशत बनी हुई है। शनिवार को छुट्टी के बाद घर लौट रहे जूनियर हाईस्कूल और प्राथमिक विद्यालय सालीखेत के बच्चों के सामने अचानक झाड़ियों से तेंदुआ आ धमका। इससे वहां पर चीखपुकार मच गई।

# देसी तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को देसी तमंचे के साथ गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है मंडी चौकी प्रभारी भुवन राणा अपने पुलिस कर्मियों के साथ बीती रात सतबाल पेट्रोल पंप से गश्त करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की ओर जा रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी की एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा है कहीं वह किसी बड़ी घटना को अंजाम न दे दे सूचना पाकर एस आई भुवन सिंह राणा मुक्त विश्वविद्यालय से सटे जंगल की ओर चल दिए तभी एक युवक पुलिस को देखकर सकपका गया पुलिस ने उसे रोक कर उसकी तलाशी ली जिसके पास से 315 बोर का एक तमंचा वह एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस को उसने अपना नाम आकाश रस्तोगी पुत्र राम अवतार रस्तोगी निवासी हरिपुर शिवदत्त कॉलोनी पोस्ट अर्जुनपुर गोरा पड़ाव बताया उसने बताया कि वह यह तमंचा लोगों को दिखाकर लूटने का प्रयास कर रहा था। एस आई भुवन सिंह राणा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। और तमंचा कहां से लाया इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है।

**कार्रवाई**

- पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया

# उपनल कर्मचारियों का आंदोलन अब 25 नवंबर तक स्थगित

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

उपनल कर्मचारियों का आंदोलन अब 25 नवंबर तक स्थगित रहेगा। सोमवार देर शाम उपनल कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्य सचिव से हुई। जिसके बाद 25 नवंबर तक आंदोलन स्थगित रखने का फैसला लिया गया है।25 नवंबर तक स्थगित रहेगा उपनल कर्मचारियों का आंदोलन

सोमवार को उपनल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सचिवालय कूच किया था। जिसके बाद देर शाम उपनल कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव की कारण से आचार संहिता लागू है इसलिए



तत्काल निर्णय नहीं लिया जा सकता है। जिसके बाद 25 नवंबर तक आंदोलन स्थगित रखने का फैसला लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 25 नवंबर को हो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उच्च स्तरीय बैठक हो सकती है। तब तक के लिए उपनल कर्मचारियों का आंदोलन 25 नवंबर तक स्थगित रहेगा। उपनल कर्मचारियों का कहना है कि 25 नवंबर को अगर उचित कार्यवाही नहीं होती तो फिर आर-पार की लड़ाई होगी।बता दें कि साल 2018 में हाईकोर्ट ने उपनल कर्मचारियों के हित में फैसला देते हुए उपनल कर्मचारियों के हित में समान काम समान वेतन दिए जाने का फैसला सुनाया था। इसके साथ ही नियमितीकरण को लेकर सरकार की जो गाइड लाइन नियमतिकरण को लेकर है उसके तहत उपनल कर्मचारियों को नियमितीकरण का फैसला सुनाया था।लेकिन उपनल कर्मचारियों के हक में जो फैसला हाईकोर्ट ने सुनाया था सरकार उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बाद भी सरकार रिव्यू पिटिशन फाइल करने के मूड में नजर आ रही है। जिसके चलते उपनल कर्मचारियों ने आंदोलन तेज कर दिया है। फिलहाल मुख्य सचिव से वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया गया है